








## खबर संक्षेप

### होमगाड्‌र्स का स्थापना दिवस आज

**सीहोर।** प्रदेश में होमगाड्‌र्स का स्थापना दिवस 6 दिसम्बर को समारोह पूर्वकमनाया जाएगा। होमगाड्‌र्स, नागरिक सुरक्षा एवं आपदा प्रबंधन महानिदेशक श्रीमती प्रज्ञा ऋचा श्रीवास्तव ने बताया कि स्थापना दिवस मुख्य समारोह का आयोजन मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में होमगाड्‌र्स परेड ग्राउण्ड जहांगीराबाद भोपाल में प्रातः 10 बजे से होगा। कार्यक्रम में परेड द्वारा मुख्य अतिथि को सलामी, परेड का निरीक्षण, मार्च पास्ट के बाद मुख्य अतिथि का उद्बोधन, एसडीईआरएफ तथा सिविल डिफेंस द्वारा आपदा बचाव का डेमोस्ट्रेशन, अदम्य साहसिक कार्य हेतु पुरस्कार तथा मेधावी छात्र-छात्राओं को पुरस्कार वितरण किया जाएगा।

### नेशनल लोक अदालत 13 दिसंबर को

**सीहोर।** मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के कार्य क्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों में 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत में बिजली चोरी एवं अन्य अनियमितताओं के प्रकरण को समझौते के माध्यम से निराकृत किया जाएगा। कंपनी द्वारा विद्युत अधिनियम 2003 धारा 135 के अंतर्गत विद्युत चोरी के लंबित प्रकरणों एवं विशेष न्यायालयों में विचाराधीन प्रकरणों के निराकरण के लिए विद्युत उपभोक्ताओं एवं उपयोगकर्ताओं से अपील की गई है कि वे अप्रिय कानूनी कार्यवाही से बचने के लिए अदालत में समझौता करने के लिए संबंधित बिजली कार्यालय से संपर्क करें।

### कार्यकर्ता आज निकालेंगे वाहन रैली

**सीहोर।** शनिवार को अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल के कार्यकर्ताओं के द्वारा जिला मुख्यालय पर वाहन रैली निकाल कर शौर्य दिवस मनाया जाएगा। अयोध्या श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पर बने ढाँचे को विध्वंस करने में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले कारसेवकों की स्मृति में भगवा झंडा लहराया जाएगा। शौर्य दिवस पर कार सेवकों को कोटि-कोटि नमन कर पुष्पांजली दी जाएगी। अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद जिलाध्यक्ष मनीष मेवाड़ा ने बताया कि शनिवार दोपहर एक बजे सिंधी धर्मशाला मैदान से श्रीराम दरबार की विधिवत पूजा अर्चना के बाद विशाल वाहन रेली प्रारंभ की जाएगी। शौर्य दिवस रैली में में जहां सैकड़ों वाहन होंगे वहीं भगवा ध्वजों के साथ डीजे पर अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर निर्माण और ध्वज प्रतिष्ठा से संबंधित शौर्य गीत गुजेंगे। शहर के प्रमुख मांर्गो से होती हुई वाहन रैली वापस मैदान पर पहुंचेगी। कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय और प्रदेश के पदाधिकारी अपना मार्गदर्शन देंगे।

### छिंदवाड़ा में जहरीली कफ सिरप पीने से दो दर्जन बच्चों की मौत के बाद जिले में भी हरकत में आया था ड्रग विभाग

# औपचारिकता पूरीः जिले में 600 मेडिकल हो रहे संचालित, जांच हुई महज 25-30 मेडिकलों की

### मेडिकल दुकानों पर पहुंचकर की थी जांच, मिली थी गड़बड़ियां



**सीहोर।** बीते महीने प्रदेश के छिंदवाड़ा जिले में जहरीली कफ सिरप से बच्चों की मौत की घटनाओं के बाद पूरे प्रदेश में मचे हड़कंप के बाद जिले का ड्रग प्रशासन भी हरकत में आया था। जिले में मेडिकल दुकानों की जांच-पड़ताल की शुरुआत की थी, लेकिन यह जांच पड़ताल महज औपचारिकता साबित हुई। जिले में मौजूद 600 मेडिकल दुकानों में से महज 25-30 दुकानों की जांच की जा सकी और अब जांच-पड़ताल का सिलसिला पूरी तरह से बंद हो गया है। बता दें छिंदवाड़ा हादसे के बाद से जिले में भी ड्रग इंस्पेक्टर किरण मग्रे के नेतृत्व में मेडिकल दुकानों की जांच की शुरुआत हुई थी। इस दौरान सीहोर में 15, आष्टा में 10 और बुदनी क्षेत्र की कुछ मेडिकल दुकानों पर जांच पड़ताल की थी। इस दौरान मेडिकल दुकानों पर प्रतिबंधित दवाओं को खास तौर से देखा गया था। निरीक्षण के दौरान कई दुकानों पर अनियमित्ताएं मिली थी।

### इछावर को नहीं दी प्राथमिकता

मालूम हो कि ड्रग विभाग की इस जांच पड़ताल की रफ्तार शुरुआत से ही धीमी थी। शुरुआती 10 दिनों में महज 25 दुकानों पर जांच की गई थी, जिससे अनुमान लगाया जा रहा था कि जांच का सिलसिला महज औपचारिकता बनकर ही रह जाएगा। हुआ भी कुछ ऐसा ही, जांच टीम ने जिला मुख्यालय, आष्टा और बुदनी की चंद दुकानों पर जांच पड़ताल की, लेकिन इछावर विधानसभा क्षेत्र से पूरी तरह से दूरी बनाए रखी, जबकि खास बात यह है कि इछावर बड़ी विधानसभा में बड़ी संख्या में ग्रामीण क्षेत्र है।

### पांच दुकानों पर मिली थी अनियमित्ताएं

ड्रग विभाग की जांच पड़ताल के दौरान जिले की मेडिकल दुकानों पर अनियमित्ताएं भी मिल रही थी। इन अनियमित्ताओं को लेकर ड्रग विभाग ने 5 मेडिकल दुकानों पर सख्ती दिखाई थी। यह कार्रवाई निरीक्षण के दौरान अनियमितताएं पाए जाने और नोटिस का जवाब न देने पर की गई थी। इस दौरान मेसर्स राजा मेडिकल भैरूंदा, मेसर्स विजासन मेडिकल रेहटी और मेसर्स सोनम मेडिकल मालीबाया के लाइसेंस निरस्त किए गए। जबकि दुआ मेडिकल श्यामपुर और माहेश्वरी मेडिकल सीहोर के लाइसेंस निलंबित किए गए।

# प्याज के वाजिब दाम नहीं मिलने पर किसानों ने निकाली प्याज बाइक रैली, भावांतर योजना में खरीदी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

जिले के किसानों ने प्याज को मिल रहे नाममात्र के दाम से परेशान होकर शुक्रवार को अनूठा विरोध प्रदर्शन किया। किसानों ने ग्राम हसनाबाद से लेकर चंदेरी तक बाइक रैली निकालकर मुख्यमंत्री और केंद्रीय कृषि मंत्री का ध्यान इस संकट की ओर आकर्षित किया। इस रैली में किसान अपनी मोटरसाइकिलों पर प्याज की बोरियां रखकर निकले। किसान व समाजसेवी एमएस मेवाड़ा के नेतृत्व में निकाली गई 'प्याज रैली' में सैकड़ों किसानों ने भाग लिया। किसान मेवाड़ा ने बताया कि मंडी में प्याज का थोक मूल्य गिरकर महज एक रुपए से सात-आठ रुपए प्रति किलो रह गया है। किसानों ने कहा कि पहले सोयाबीन की फसल बर्बाद हुई और अब प्याज के दाम इस कदर गिरे हैं कि वे पूरी तरह बर्बाद हो रहे हैं। किसान बने सिंह मेवाड़ा, प्रेमनारायण वर्मा, राधेश्याम वर्मा, महेश मेवाड़ा सहित दर्जनों किसानों ने इस बाइक रैली के माध्यम से सरकार से हस्तक्षेप करने और किसानों को उचित दाम दिलाने की मांग की।

### भावांतर में खरीदी की मांग

किसान एमएस मेवाड़ा ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान से मांग की है कि किसानों को राहत देने और उचित मूल्य सुनिश्चित करने के लिए प्याज को तत्काल भावांतर योजना में शामिल किया जाए।

### मंडी में आवक घटी

प्याज वाजिब दाम न मिलने का सीधा असर कृषि उपज मंडी पर भी पड़ा है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय स्थित मंडी में प्याज की आवक सिमटकर महज 800 कट्टी रह गई। किसानों ने बताया कि प्याज उपज विक्रय से ज्यादा तो भाड़ा लग रहा है। बता दें गुरुवार को पूर्णिया गांव के एक किसान को 40 किलो की कट्टी का दाम केवल 10 रुपए मिलने पर व्यथित होकर उसने अपनी पूरी 50 कट्टी प्याज सडक़ पर फेंक दी थी। किसानों का कहना है कि क्या फायदा, इतना दाम भी नहीं मिल रहा कि किराया भाड़ा निकल सके। यह हमारी मेहनत का अपमान है।



### फर्जी स्टाम्प के सहारे धोखाधड़ी बिलकिसगंज निवासी दो भाइयों पर मामला किया गया दर्ज

**सीहोर।** कोतवाली थाना पुलिस ने बिलकिसगंज स्थित शांति मेडिकल के संचालक लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा उसके छोटे भाई अशोक विश्वकर्मा पर धोखाधड़ी और अड़ीबाजी का मामला दर्ज किया गया है। दोनों भाइयों पर फर्जी दस्तावेज (स्टाम्प) के सहारे एक व्यक्ति को धमकाकर 35 लाख मांगने का आरोप है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी राजू विश्वकर्मा निवासी सुदेश नगर ने थाना कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी। फरियादी ने बताया कि आरोपी लक्ष्मी नारायण और अशोक विश्वकर्मा 02 अक्टूबर को अपनी मां के साथ उनके घर आए, वह अपने साथ वर्ष 2011 का एक फर्जी किरायानामा अनुबंध लेकर आए थे। अनुबंध में 2.5 लाख चेक द्वारा देने की बात कही गई थी और आरोपी अब ब्याज सहित 35 लाख की मांग कर रहे थे। मना करने पर उन्होंने धमकी दी थी। पुलिस द्वारा मामले की गई जांच में पता चला कि राजू विश्वकर्मा ने नर्मदा ग्रामीण बैंक बिलकिसगंज शाखा से कभी भी चेक से पैसे नहीं निकाले, बल्कि आरोपी लक्ष्मी नारायण विश्वकर्मा ने स्वयं अपने खाते से पैसे निकालकर अनुबंध में चेक दर्शाए थे, जिससे यह साबित हुआ कि अनुबंध फर्जी था।

# कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया



**सीहोर।** कलेक्टर बालागुरू के. ने गुरुवार को ग्राम धाबीखेड़ी स्थित लायन इंडिया फेब्रिक, सीहोर मंडी आद्यौगिक क्षेत्र फ्लोर मिल एवं नमकीन फैक्ट्री का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने उत्पादन इकाई, सुरक्षा व्यवस्थाओं, प्रबंधन तथा श्रमिक सुविधाओं की विस्तार से समीक्षा की। कलेक्टर ने औद्योगिक क्षेत्र में स्वच्छता, अग्नि सुरक्षा उपकरणों की उपलब्धता और मशीनों के सुरक्षित संचालन से संबंधित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्रबंधन से कहा कि कार्यस्थल पर श्रमिकों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। सभी कर्मचारियों को आवश्यक सुरक्षा उपकरण उपलब्ध कराए जाएँ और मशीनों की नियमित मेंटेनेंस समय-समय पर की जाए। साथ ही, उद्योग परिसर में साफ-सफाई और बेहतर व्यवस्था बनाए रखने पर भी जोर दिया।

उन्होंने कहा कि जिले में कार्यरत सभी उद्योगों से अपेक्षा है कि वे गुणवत्ता, पारदर्शिता और सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए कार्य करें, ताकि औद्योगिक विकास के साथ-साथ रोजगार एवं स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिले। कलेक्टर बालागुरू के. ने प्रबंधन को आवश्यक सुधारात्मक कदम समय पर उठाने के निर्देश दिए और उद्योग में श्रमिक हितों एवं सुरक्षा मानकों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की बात कही। निरीक्षण के दौरान जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा तथा प्रबंधक मनीष आलावा एवं उद्योगों के संचालक उपस्थित थे।

**उद्योग महाप्रबंधक को यह दिये निर्देश :** कलेक्टर बालागुरू के. द्वारा सीहोर मंडी औद्योगिक क्षेंत्र के निरीक्षण के दौरान नाली एवं पुलिया का निर्माण हो गया है। सड़क की स्थिति खराब होने पर कलेक्टर ने जिला व्यापार उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक अनुराग वर्मा को सड़क बनवाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि औद्यागिक विकास के लिए आधार भूत संसाधनों का होना जरूरी है। द्रुत आवागमन के लिये सड़कों का बेहतर स्थिति मे होना जरूरी है। सड़कों की समय-समय पर मरम्मत कराई जाना चाहिए।

### सीएम व पीडब्ल्यूडी मंत्री को सौंपा स्टीमेट

# तीन सड़कों का होगा निर्माण, डेवलपमेंट मेट्रोपॉलिटन सिटी बनाएंगे : सुदेश राय

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



मेट्रोपॉलिटन सिटी की तर्ज पर विधायक सुदेश राय शहर में डेवलपमेंट के लिए जुटे हुए हैं। उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और लोक निर्माण विभाग के मंत्री राकेश सिंह को शहर के तीन महत्वपूर्ण उपेक्षित रोडों के रि डेवलपमेंट के लिए स्टीमेट सौंप दिया है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने विधायक सुदेश राय की जनहितैशी मांग पर मंत्री पेट्रोल पम्प से लुनिया चौराहा गणेश मंदिर होते हुये साढ़े चार किलोमीटर रोड निर्माण और ग्राम बदरखासनी तक ढाई किलोमीटर रोड सहित ग्राम भोज से बगोनिया सीमा तक दो किलोमीटर रोड निर्माण स्वीकृति प्रदान कर 48 करोड़ रूपये की राशि भी प्रदान करने की घोषणा कर दी है।

शहर की बढ़ती आबादी और वाहन संख्या को ध्यान में रखते हुए विधायक सुदेश राय के द्वारा रि डेवलपमेंट के लिए दिए गए स्टीमेट में शहर के मंत्री पेट्रोल पम्प से लुनिया चौराहा गणेश मंदिर होते हुये साढ़े चार किलोमीटर रोड और इन्द्रानगर बायपास से शमशान घाट रोड होते हुये इंदौर नाका तक रोड डेढ़ किलोमीटर रोड सहित सेंकड़ाखेड़ी शहीद स्मारक स्थल से बायपास तक का डेढ़ किलोमीटर रोड टूलेन बनाऐं जाएंगे। मेट्रोपॉलिटन सिटी की तर्ज पर विधायक सुदेश राय की प्लानिंग के तहत टूलेन फोरलेन रोड के बीच में डिवाईडर भी होंगे और हरे भरे वृक्ष भी लगाए जाएंगे। तीनों रोडों. पर रोशनी के लिए बिजली के लेंप भी होंगे।

विधायक सुदेश राय ने बताया कि सुविधाजनक रोड बनने के बाद इछावर और इंदौर की तरफ से गणेश मंदिर दर्शन करने जाने वाले श्रद्धालुओं को बड़ी सुविधा मिलेगी शहर के दशहरा बाग कस्बा क्षेत्र के नागरिकों के लिए भी सहुलियत होगी। इसी तरह सेंकड़ाखेड़ी शहीद स्मारक स्थल से बायपास तक का डेढ़ किलोमीटर रोड टूलेन होगा जिससे एवन सिटी कॉलोनी सहित अन्य कॉलोनियों के लोगों को खराब सड़क से राहत मिलेगी और समाधी स्थल तक सुगम आवागमन की सुविधा नागरिकों को मिलेगी।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

## सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण -** 445. नीला परमार पिता\पति स्व.श्री धीरज सिंह ठाकुर पता- ब्राम्हण पारा रायपुर, 446. पुष्पेन्द्र परगनिहा पिता\पति राम खिलावन पता- अशोक नगर गुढ़ियारी रायपुर, 447. राजेंद्र कुमार दंडसेना पिता\पति स्व. से. आर. दंडसेना पता- बोरियाखुर्द रायपुर, 448. निरोला योगी पिता\पति विजय कुमार मसीह पता- साईं कॉलोनी संतोषी नगर खमतराई, 449. भूमिका मानिकपुरी पिता\पति अमर दास मानिकपुरी पता- सद्दू सेक्ट-06 रायपुर, 450. सुनीता वर्मा पिता\पति श्री बिसौहा राम वर्मा पता- हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी दोंदेखुर्द, 451. संकल्प साहू पिता\पति श्री दया राम साहू पता- भाटागाँव पानी टंकी के पास रायपुर, 452. मेघा साहू पिता\पति भागवत प्रसाद साहू पता- H-16 पुलिस लाइन रायपुर, 453. यशोदा वर्मा पिता\पति सुन्दर लाल वर्मा पता- बरौद विधान सभा भवन के पास, 454. प्रवीण कुमार पिता\पति राजेंद्र कुमार पता- जुलुम टेकरी रायपुर, 455. तेजेश्वरी साहू पिता\पति दुर्वासा साहू पता- कुरुसकेरा राजिम, 456. रामचंद देवांगन पिता\पति स्व. शिव राम देवांगन पता-नगर पंचायत आमदी धमतरी, 457. येशु साहू पिता\पति जीवन लाल साहू पता- बजरंग चौक गोकुलनगर वार्ड धमतरी, 458. ठलेश्वर पिता\पति मस्त राम साहू पता-करेली बड़ी मगरलोड, 459. अनन्या नामदेव पिता\पति विरेन्द्र कुमार नामदेव पता- मेन रोड डोंगरगढ़, 460. ज्योति पात्रे पिता\पति स्व. दुतिया राम बघेल पता- लालबाग प्रभात नगर वार्ड न.२, 461. गीता साहू पिता\पति स्व. देवलाल साहू पता-डोंगरगढ़, 462. चित्रांश चौहान पिता\पति हेमंत कुमार चौहान पता-बेमेतरा, 463. भाव्या नारंग पिता\पति प्रशांत नारंग पता-राजापारा कांकेर, 464. होमन सिंह नागवंशी पिता\पति स्व.मुरहा राम पता- डौंडी नगर बालोद, 465. वी.जोगाराव नायडू पिता\पति स्व. श्री गंगैय्या नायडू पता-सहारा टेंड हाउस जगदलपुर, 466. रोशनी देवांगन पिता\पति मोहन देवांगन पता-महासमुंद, 467. अन्नपूर्णा ठाकुर पिता\पति अजय पाल सिंह ठाकुर पता-ठाकुर पारा कवर्धा, 468. महेन्द्र कुमार साहू पिता\पति नकुल प्रसाद साहु पता-सुहेला, 469. संतोष कोर्राम पिता\पति गिरधारी कोराम पता-एस. पी. मरारपारा, 470. सुशीला शाह पिता\पति भुनेश्वर शाह पता- नंदनी वार्ड हाउसिंग बोर्ड छावनी, 471. आभा गुप्ता पिता\पति महावीर प्रसाद गुप्ता पता- आकाश नगर, 472. तोमन साहू पिता\पति कन्हैया साहू पता- न्यू पंचशील नगर नयापारा, 473. योगिता साहू पिता\पति भूपेन्द्र कुमार साहू पता- शीतला नगर दुर्ग, 474. प्रियांश निर्मलकर पिता\पति हेमंत निर्मलकर पता- लक्ष्मी नगर वार्ड न. भिलाई, 475. संजीविनी टंडन पिता\पति देवनारायण टंडन पता-दुर्ग, 476. एन. येलियाश पिता\पति एन. गाब्रियल पता- कैम्प-01 सुन्दर नगर वार्ड 32 भिलाई, 477. कु.नीलम बघेल पिता\पति अशोक कुमार बघेल पता-भिलाई-03, 478. संस्कार पिता\पति भूषण राउत पता-भिलाई -03, 479. किरण साहू पिता\पति दमेंद्र कुमार पता- आर्य नगर कोहका भिलाई, **बिलासपुर संस्करण –** 480. तनुषा पिता/पति गोपीचन्द पटेल पता- सूरदा देवरी मुंगेली ,तखतपुर , 481. नरेंद्र सिंघानिया पिता/पति स्व. लोरिक राम पता- तखतपुर, 482. कविता कारड़ा पिता/पति दयाराम लालवानी पता- तखतपुर, 483. नैना मलधानी पिता/पति कोमल मलधानी तखतपुर, 484. राजू कुमार देवांगन पिता/पति स्व. बुधराम देवांगन पता- तखतपुर, 485. ईश्वरी खांडेकर पिता/पति राजकुमार खांडेकर पता- टिकरपारा, 486. दिनेश राजपूत पता- तखतपुर, 487. अंशिका शर्मा पिता/पति जितेंद्र शर्मा पता- तखतपुर लोरमी, 488. मनीषा दास वैष्णव पिता/पति संजय दास वैष्णव पता- शांति चौक लोरमी, कोरिया जिला 1. आशीष मोदी ,पिता /पति - दिनेश मोदी पता- चरचा, 489. ओमप्रकाश सिंह पिता /पति रमेश सिंह पता- बैकुंठपुर, 490. सुहागिन देवी पिता/पति मोहन पता- वी. टी. सी. चरचा, 491. हर्ष कुमार सिंह पिता/पति सुनील सिंह पता- चरचा, 492. जसीना खातून पिता/पति स्व. मो. सलीम उद्दीन पता- बैकुठपुर, 493. महेश कुमार मिश्रा पिता/पति राम अवतार मिश्रा पता- खैरी बैकुठपुर, 494. कुमुद बाला श्रीवास्तव पिता/पति ऍम. के. सिन्हा पता- बरबसपुर, 495. श्रीमती सुनीता देवी पिता/पति राजकुमार तिवारी पता- वार्ड-7 चरचा कॉलोरी, 496. राजकुमार तिवारी पिता/पति स्व. पारस नाथ तिवारी पता- हनुमान मंदिर के सामने चरचा कॉलोरी, 497. मंजुलता गुप्ता पिता/पति रामकुमार गुप्ता पता- बैकुठपुर कोरिया, 498. रूपेश कुमार अग्रवाल पिता/पति कृष्णा प्रसाद अग्रवाल पता- अंबेडकर नगर वार्ड-6 चरचा, 499. निलेश कुमार पटवा पिता/पति संतनन्द पटवा पता- पटना, 500. अभिषेक कुमार साहू पिता/पति मनोज कुमार साहू पता- सागरपुर बैकुठपुर, 501. कृष्णा सिंह पिता /पति शंकर सिंह पता- स्कूल पारा बैकुठपुर , 502. मयंक गुप्ता पिता/पति - श्री दुर्गा प्रसाद गुप्ता पता- बैकुठपुर, **भोपाल संस्करण –** 503. संजय चौरसिया पिता\पति जवाहर लाल पता - बी-314 चिनार रिट्रीटअरेरा हिल्समैदा मिलभोपाल, 504. मेघा राणा पिता\पति स्व मोतीलाल राणा 5/228 रविशंकर नगरभोपाल, 505. मथुरा प्रजापति पिता\पति - श्याम नगर, 506. सुरेश कुमार यादव पिता\पति श्रीराम दुलारे यादव एफ-9 थर्ड फ्लोर 1250 अर्जुन नगर कॉलोनी, 507. आदेश नेमा पिता\पति रमेश पता- नेमा विदिशा, 508. कमलसिंह रघुवंशी पिता\पति हल्के सिंह रघुवंशी पता- गोदावरी ग्रीन्स विदिशा, 509. नरेश राज साहू पिता\पति -हीरालाल साहू पता- बालाजी आर्किड विदिशा, 510. अमोल विश्वकर्मा पिता\पति बालाराम विश्वकर्मा पता- विजय नगर विदिशा, **जबलपुर संस्करण –** 511. अर्पित पांडे पिता\पति भानु कुमार पांडे पता- कोतमा, 512. ईश्वर चौधरी पिता\पति मदन चौधरी वार्ड नंबर 8 मगरहा टोला कोतमा, 513. आकृति द्विवेदी पिता\पति विजय कुमार द्विवेदी पता- ग्राम बुढानपुर कोतमा, 514. प्रिया शर्मा पिता\पति संतोष कुमार शर्मा पता- पुरानी बस्ती कोतमा, 515. आकृति नामदेव पिता\पति ओमप्रकाश नामदेव पता- जय श्री वार्ड क्रमांक 8 जिला अनूपपुर, 516. संजना केवट पिता\पति संतोष केवट पता- वार्ड क्रमांक 5 कोतमा, 517. सानवी प्रजापति पिता\पति हरिहर प्रसाद प्रजापति वार्ड नंबर 9 विकास नगर कोतमा अनूपपुर, 518. अनुराग सोनी पिता\पति श्री महेंद्र सोनी वार्ड नंबर 2 गर्ल्स स्कूल में रोड कोतमा अनूपपुर।

नियम एवं शर्ते लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## खबर संक्षेप



### अवैध शराब के विरूद्ध पुलिस द्वारा की गई कार्यवाई

**सीहोर।** एसपी दीपक कुमार शुक्ला द्वारा जिले के सभी थाना प्रभारियों को जिले में अवैध शराब के विक्रय एवं परिवहन रोक लगाने और संबंधित व्यक्तियों के विरुद्ध कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये हैं। जिसके तहत पुलिस द्वारा निरंतर कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में जिले की पुलिस द्वारा नवंबर माह में जिले के अनेक क्षेत्रों में अवैध मदिरा के निर्माण, परिवहन एवं विक्रय पर प्रभावी रोकथाम के लिए सघन चेकिंग की गई और कार्यवाहियां भी की गईं।

### स्वस्थ यकृत मिशन के तहत निशुल्क जांच शिविर आयोजित

**सीहोर।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिला चिकित्सालय में स्वस्थ यकृत मिशन के अंतर्गत निशुल्क फायब्रोस्कॅन जाँच शिविर आयोजित किया गया। शिविर में मरीजों की लीवर की जाँच गई।

### फील्ड अधिकारियों को दिन में एक बार हाजिरी लगानी होगी



**सीहोर।** मध्यक्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी द्वारा फील्ड अधिकारियों के लिए सैल्फी अटेंडेंस को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। अब फील्ड अधिकारियों जिनमें जे.ई. एवं उससे ऊपर के अधिकारी शामिल हैं, को दो बार उपस्थिति दर्ज करने के स्थान पर दिन में कार्यालयीन समय में एक बार उपस्थिति दर्ज की सुविधा उपलब्ध कराई गई है। कंपनी ने कहा है कि बिजली आपूर्ति की निर्बाधता सुनिश्चित करने की बढ़ती चुनौतियों एवं कार्य आवश्यकताओं को देखते हुए यह पाया गया है कि फील्ड अधिकारी अक्सर रखरखाव, विद्युत आपूर्ति और अधोसंरचना संबंधी कार्यों के लिए मैदानी भ्रमण पर उपस्थित रहते हैं, जिससे वे नियमित उपस्थिति समय-सारणी का पालन नहीं कर पाने की स्थिति में होते हैं। ऐसे में फील्ड कार्यों के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु, और अधिकारियों की मैदानी आवश्यकता को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है कि ऑपरेशन एवं मेंटेनेंस, एसटीएम/एसटीसी/, सतर्कता, बीआई सेल तथा सिविल विभागों में फील्ड ड्यूटी पर तैनात कनिष्ठ अभियंता (जेई) एवं उससे ऊपर के अधिकारियों को 'अटेंडेंस पोर्टल 2' पर दो बार सैल्फी उपस्थिति दर्ज करने की अनिवार्यता से छूट प्रदान की जाए।

### आरोग्य केंद्रों में अव्यवस्थाओं का अंबार, ग्रामीणों को नहीं मिल रहा लाभ

# आयुष्मान आरोग्य केंद्र में लटका रहता है ताला सप्ताह में 3 दिन आते हैं सीएचओ, मरीज परेशान

गांव के साथ ही आसपास के आधा दर्जन गांवों के लोग अपनी जांच एवं इलाज करवाने के लिए केंद्र पहुंचते हैं, लेकिन सुबह 12.30 बजे तक केंद्र में ताला लटक रहा था।

हरिभूमि न्यूज ⏭ इछावर

ग्राम स्तर पर लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए शासन द्वारा लाखों रुपए खर्च कर आयुष्मान आरोग्य केंद्रों की स्थापना की गई है। यहां मरीजों के इलाज के लिए सीएचओ ( कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ) को पदस्थ किया गया है। लेकिन ग्रामीणों को इन केंद्रों का लाभ नहीं मिल रहा है। दरअसल अधिकतर आरोग्य केंद्रों में अक्सर ताला लटकता रहता है। सीएचओ सप्ताह में बमुश्किल 2 - 3 दिन ही बैठते हैं। यहां दवाईयों का भी टोटा है , ऐसे में मरीजों को इलाज करवाने के लिए इधर - उधर भटकने को मजबूर होना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधाएं मजबूत करने के लिए वर्ष 2019 में आरोग्य केंद्रों की स्थापना की गई थी। तहसील क्षेत्र में 75 आयुष्मान आरोग्य केंद्र बनाए गए हैं। सभी आरोग्य केंद्रों में ग्राम स्तर पर मरीजों को इलाज एवं बीपी , सुगर सहित 17 बिमारियों की जांच की व्यवस्था की गई है। इसके लिए सीएचओ ( कम्युनिटी हेल्थ ऑफिसर ) की नियुक्ति की गई है। दवाएं भी मरीजों को आरोग्य केंद्रों से दी जाती है। लेकिन क्षेत्र के आरोग्य केंद्रों में व्यवस्थाएं काफी बदहाल है।

स्थिति यह है कि अधिकतर आरोग्य केंद्रों में अक्सर ताला लटकता रहता है। पदस्थ सीएचओ कभी कभार ही केंद्र पर पहुंचते हैं। जबकि कुछ ऐक केंद्रों तो सप्ताह में बमुश्किल 2 - 3 दिन ही खुलते हैं। यहां सीएचओ चंद घंटे में अपने कर्तव्य की इतिश्री कर लौट जाते है।

ग्रामीणों का कहना है कि आरोग्य केंद्र कभी कभार खुलते है। उनका कहना है कि सीएचओ ना तो मुख्यालय पर निवास करते हैं और ना ही नियमित रूप से ओपीडी संचालित करते हैं। इसके चलते लोगों को आरोग्य केंद्र का लाभ नहीं मिल पा रहा है।




**इछावर।** दौलतपुर आरोग्य केंद्र का ताला 12 :30 बजे तक नहीं खुला हुआ था

#### हरिभूमि टीम ने की पड़ताल

शुक्रवार को हरिभूमि की टीम ने ब्लाक के 2 आरोग्य केंद्रों का जायजा लिया । इस दौरान दोनों ही केंद्रों पर दोपहर 12 .30 बजे तक ताला लटका मिला। जानकारी लेने पर ग्रामीणों ने बताया कि आरोग्य केंद्र तो कभी कभार ही खुलते हैं। सीएचओ सप्ताह में मंगलवार सहित अन्य 1-2 दिन आती है। कुछ घंटे बैठकर चली जाती है। उनके आने - जाने का समय भी निर्धारित नहीं है। ऐसे में लोगों को जांच एवं स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ नहीं मिल रहा है।




**इछावर।** हरसपुर आरोग्य केंद्र का ताला 12 बजे तक नहीं खुला हुआ था

हालात यह है कि मरीजों को अपना इलाज एवं बीपी, सुगर आदि बिमारियों की जांच करवाने के लिए उन्हें शहरों की ओर भटकना पड़ता है।

#### यह है आरोग्य केंद्रों का नजारा

विकासखण्ड मुख्यालय से 20 किमी दूर करीब 2 हजार की आबादी वाले दौलतपुर गांव में आयुष्मान आरोग्य केंद्र है। गांव के साथ ही आसपास के आधा दर्जन गांवों के लोग अपनी जांच एवं इलाज करवाने के लिए केंद्र पहुंचते हैं , लेकिन सुबह 12.30 बजे तक केंद्र में ताला लटक रहा था। जबकि ओपीडी प्रातः 10 से शाम 4 बजे तक संचालित किया जाना है। परिसर में चारों ओर गंदगी का अंबार लगा हुआ था।

ग्रामीणों ने बताया केंद्र में अक्सर ही ताला लगा रहता है। सीएचओ मुख्यालय पर निवास नहीं करती है। वह सीहोर से सप्ताह में 2-3 दिन आती है, इस दौरान वह आंगनवाड़ी में कुछ घंटे बैठकर चली जाती है। इस कारण ग्रामीणों को केंद्र का समुचित लाभ नहीं मिल रहा है। इछावर से 30 किमी दूर करीब डेढ़ हजार की आबादी वाला आदिवासी बाहुल्य गांव हरसपुर है । इस गांव के आरोग्य केंद्र से आसपास के 5-6 गांवों के लोग स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ लेते है। दोपहर 12 बजे आरोग्य केंद्र में ताला लटक रहा था। दौलतराम जाट, सुनील परमार, शैलेंद्र परमार आदि ग्रामीणों ने बताया कि आरोग्य केंद्र सप्ताह में कभी कभार ही खुलता है।

मरीजों को ज्यादातर समय इलाज करवाने के लिए आष्टा, इछावर अथवा सीहोर जाना पड़ता है। ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र आदिवासी बाहुल्य है। गरीबों के कारण लोग दूर शहरों में जाकर इलाज नहीं करवा पाते हैं , ऐसे में उन्हें देसी जड़ी - बूटी से ही इलाज करने को मजबूर होना पड़ता है।

#### दवाओं का भी टोटा

आयुष्मान आरोग्य केंद्रों में 126 दवाएं उपलब्ध होने का दावा किया जाता है। लेकिन जानकारी के अनुसार केंद्रों पर 60 -65 प्रकार की दवाएं ही उपलब्ध रहती है। बीपीएम मनीष दुबे ने बताया कि अभी कुछ दवाएं उपलब्ध है। बाकी कुछ दवाएं आने वाली है।

#### की जाएगी कार्रवाई

हरसपुर आरोग्य केंद्र में पदस्थ सीएचओ पूर्व में भी अनुपस्थित पाई गई थी, जिसके चलते उनका वेतन भी काटा गया है। आपके द्वारा संज्ञान में लाएं गये आरोग्य केंद्रों की जांच कराई जा रही है। इस दौरान जो भी दोषी पाया जाएगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

**डॉ. अंकित चांडक,** सीबीएमओ इछावर

## ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग की कारवाई बायां में डॉक्टर का क्लीनिक किया सील



**रेहटी।** अवैध रूप से चल रहे क्लीनिकों पर स्वास्थ्य विभाग की सख़्ती जारी है। सीबीएमओ डी. बड़ोदिया के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्राम बायां में एक अवैध रूप से संचालित क्लीनिक पर छापामार कार्रवाई की। कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में दवाइयाँ, मेडिकल उपकरण और अन्य दस्तावेज जब्त किए गए। जानकारी के अनुसार, लंबे समय से क्षेत्र में झोलाछाप डॉक्टर बिना अनुमति के क्लीनिक चलाकर ग्रामीणों की सेहत से खिलवाड़ कर रहे थे। इसकी लगातार शिकायतें स्वास्थ्य विभाग तक पहुँच रही थीं, जिस पर सीएमएचओ डॉ. सुधीर डहरिया ने सभी अवैध दवाखानों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश जारी किए थे। इस पर बुधनी सीबीएमओ डी. बड़ोदिया को बायां स्थित एक संदिग्ध क्लीनिक की सूचना मिली, जिसके बाद उन्होंने एसडीएम डी.एस. तोमर को मामले से अवगत कराया। एसडीएम के निर्देशन पर संयुक्त टीम गठित कर मौके पर बड़ी कार्रवाई की गई। कार्रवाई के दौरान टीम ने मौके से अनेक दवाइयाँ, उपकरण और अन्य सामग्री जब्त की। इस कार्रवाई से क्षेत्र के झोलाछाप डॉक्टरों में हड़कंप मच गया है। सीबीएमओ डी. बड़ोदिया ने बताया कि संबंधित व्यक्ति को आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए नोटिस जारी कर दिया गया है तथा आगे भी ऐसे दवाखानों पर लगातार कार्रवाई जारी रहेगी।

#### वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर व्यापक अभियान शुरू

वरिष्ठ अधिकारियों के नेतृत्व में नगरीय एवं ग्रामीण—दोनों क्षेत्रों में अवैध रूप से संचालित दवाखानों पर अभियान चलाया जा रहा है। जहां भी बिना अनुमति क्लीनिक संचालित होने की जानकारी मिल रही है, वहाँ तत्काल छापामार कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में स्वास्थ्य विभाग की टीम ने कुछ ग्रामीण क्षेत्रों में भी कार्रवाई की, जिसमें बायां स्थित पवन क्लीनिक से अवैध दवाइयाँ मिलने पर उसे सील कर दिया गया।

## एकलव्य किक्रेट अकेडमी के आरव मासीह का अंडर-16 मप्र में चयन

**सीहोर।** शहर के बीएसआई क्रिकेट ग्राउंड की एकलव्य किक्रेट अकेडमी के आरब मासीह अंडर-16 म.प्र. टीम में चयनित हुए। आगामी 7 दिसंबर से रायपुर में कर्नाटक के विरुद्ध अपना जोहर दिखाऐगें। आरब मासीह पिछले दो महीनों में डिवीजन मैचों में अपने बेहतरीन प्रदर्शन के माध्यम से म.प्र. विजय मार्चन्ट ट्रॉफी के लिये म.प्र. अंडर-16 टीम में अपनी जगह बना पाये। मध्य प्रदेश के समस्त मैच इस प्रकार होगें। पहला मैच मध्य प्रदेश विरुद्ध कर्नाटय दिनांक 7 दिसम्बर से 9 दिसम्बर 2025 तक, दूसरा मैच मध्य प्रदेश विरुद्ध आंध्रा प्रदेश 12 दिसम्बर से 14 दिसम्बर 2025 तक, तीसरा मैच मध्य प्रदेश उत्तराखण्ड 18 दिसम्बर से 20 दिसम्बर 2025, चौथा मैच 23 दिसम्बर से 25 दिसम्बर 2025 तक, पाचवा मैच 29 दिसम्बर से 31 दिसम्बर 2025 तक मैच खेले जाने वाले मैचों में आरव मासीह अपना जोहर दिखायेगें। आरव मासीह इस उपलब्धि पर एकलब्य किक्रेट अकेडमी के संचालक जगदीश कुशवाह एवं कोच अतुल कुशवाह, गौरव पिचौनिया चेतन मेवाड़ा मंयक जैन ने बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इसके साथ ही जिला क्रिकेट एसोसिशियन के सदस्यं वीरेन्द्र वर्मा, अतुल तिवारी, मदन कुशवाह, कमलेश पारोचे, आशीष शर्मा, सुनील जलोदिया, अमित शर्मा समस्त लोगो के एवं खिलाडिय़ों ने बधाई दी।



## आरएके कृषि कॉलेज में अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस का आयोजन

**सीहोर।** अंतरराष्ट्रीय मृदा दिवस का आयोजन राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर (म.प्र.) के अंतर्गत आर.ए.के. कृषि महाविद्यालय सीहोर में किया गया। इस वर्ष विश्व मृदा दिवस का विषय "स्वस्थ शहर के लिए स्वस्थ मिट्टी" रखा गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सीएमएचओ डॉ. सुधीर कुमार डेहरिया, कृषि महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. एम. यासीन अध्यक्ष के रूप में तथा मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एस.सी. गुप्ता संयोजक के रूप में उपस्थित रहे। कृषक प्रतिनिधि के रूप में प्रगतिशील कृषक प्रहलाद सिंह एवं भगत जी भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम का शुभारंभ छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना एवं दीप प्रज्ज्वलन से किया गया। इस अवसर पर "स्वस्थ शहर के लिए स्वस्थ मिट्टी" विषय पर भारतीय मृदा विज्ञान संस्थान भोपाल के पूर्व निदेशक डॉ. एस.पी. दत्ता द्वारा महत्वपूर्ण एवं ज्ञानवर्धक व्याख्यान प्रस्तुत किया गया।

उन्होंने भूमि को स्वस्थ रखने के लिए संतुलित पोषक तत्वों के उपयोग एवं कार्बन संचरण पर विशेष जोर देते हुए मृदा—पौध—जीव वातावरण के पारस्परिक संबंधों पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में डॉ. एस.सी. गुप्ता ने परिचयात्मक उद्बोधन देते हुए मृदा दिवस मनाने के उद्देश्य, मृदा स्वास्थ्य और गुणवत्ता के संरक्षण, तथा टिकाऊ खेती को बढ़ावा देने हेतु जनजागरूकता की आवश्यकता पर सभी से आग्रह किया। प्रगतिशील कृषक प्रहलाद सिंह ने जैविक खेती एवं संतुलित रसायनों के उपयोग से मृदा को स्वस्थ रखने के अपने अनुभव साझा किए।

अधिष्ठाता डॉ. एम. यासीन ने मृदा स्वास्थ्य के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि स्वस्थ एवं उर्वर मिट्टी से ही उत्तम गुणवत्ता के खाद्यान्न का उत्पादन संभव है। उन्होंने पादप प्रजनन की वैज्ञानिक प्रक्रिया के माध्यम से उच्च गुणवत्ता वाली दालों एवं अन्य अनाज के उत्पादन पर उपस्थित जनसमूह को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर से एक भव्य जागरूकता रैली निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में छात्र—छात्राओं, कृषकों, वैज्ञानिकों एवं कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाई।

## नपा अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने किया डॉ. अंबेडकर महापरिनिर्माण दिवस समारोह की तैयारी का निरीक्षण

**सीहोर।** डॉ.अंम्बेडकर पार्क मे सभी समाज जन मिल जुलकर एकता के साथ डॉ.अंम्बेडकर महापरिनिमार्ण दिवस समारोह के अवसर पर बाबा साहब को जिले के लोग सुबह 11 बजे आज पुष्प आर्पित करेगें जिसे लेकर न.पा.अध्यक्ष प्रिंस विकास राठौर ने किया डॉ.अंम्बेडकर महापरिनिमार्ण दिवस समारोह की तैयारी का निरिक्षण किया गया संपूर्ण दलिंत एवं जाटव समाज द्वारा निरिक्षण के दौरान प्रिंस विकास राठौर का पुष्प माला पहनाकर स्वागत किया।




सभी समाज जन मिल जुलकर करेगें बाबा साहब को पुष्प आर्पित जिसे लेकर प्रिंस विकास राठौर द्वारा पार्क मे नयें पेवर ब्लॉक तथा सिमेंट कि कुर्सियाँ लगवाई गई तथा टेंट माईक मशीन की भी व्यवस्था की गई। आज शनिवार को तहसील चौराहा से शाम 6 बजे केंडिल मार्च निकला जायेगा, जो शहर के प्रमुख मार्गो से होता हुआ गंज के अम्बेडकर नगर में सभा के रूप मे परिवर्तित हो जायेगा डॉ.अम्बेडकर महापरिनिर्माण समिति के आयोजक नरेन्द्र खंगराले जाटव दलित चिंतक तत्कालीन पार्षद का पुष्प माला पहनाकर प्रिंस विकास राठौर द्वारा स्वागत किया गया। इस अवसर पर पूर्व पार्षद दिनेश भैरवे श्रेत्रीय पार्षद लोकेन्द्र वर्मा एवं आरती नरेन्द्र खंगराले पूर्व पार्षद, देवेन्द्र अहिरवार पूर्व पार्षद, सतीष दरोठिया पूर्व पार्षद, सीताराम भारती, श्याम सोनकर समाज के वरिष्ठ धर्मप्रकाश आर्य, शोभा राम अहिरवार, गुमान जाटव, पन्नालाल खंगराले, जोन्टी जाटव, नीरज, राहुल कचनेरिया, धनराज थरेले, नीरज जाटव, सोनू जाटव, लाड़सिंह बोद्ध, राकेश जाटव, जागडे समाज के अध्यक्ष दयाराम गवाटिया, रामचरण दसलानिया, भंवरलाल सूर्यवंशी, प्रेम नारायण परमार, मालवीय समाज के अध्यक्ष कमल सूर्यवंशी, राजु बोयत, छुट्टन चावरिया, अशोक चौहान, पूर्व सरपंच नन्द किशोर मालवीय आदि लोग प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### अधिकारी सप्ताह में कम से कम 3 स्कूलों का करें निरीक्षणः कलेक्टर

# कलेक्टर ने की शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा, खराब प्रगति पर लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

कलेक्टर बालागुरू के. ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में बैठक आयोजित कर शिक्षा विभाग की गतिविधियों की समीक्षा की। बैठक में उन्होंने जिले की शिक्षा व्यवस्था से जुड़े सभी महत्वपूर्ण बिंदुओं पर गंभीरता से चर्चा की। बैठक के दौरान कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी तथा समस्त संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जिले में शैक्षणिक गुणवत्ता बढ़ाना महती आवश्यकता है। इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने पढ़ाई पर ध्यान न देने वाले और लगातार खराब प्रगति वाले स्कूल प्रमुखों एवं शिक्षा विभाग के अधिकारियों की कड़ी फटकार लगाई और चेतावनी दी कि भविष्य में ऐसी स्थिति पाई गई तो संबंधितों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।




बैठक में शिक्षकों के ई-अटेंडेंस की स्थिति, समग्र शिक्षा के अंतर्गत छात्रवृत्ति स्वीकृति, प्रोफाइल अपडेशन, अपर्याप्त खातों की समीक्षा, शालाओं के निरीक्षण कार्य, हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूलों में पाठ्यक्रम की प्रगति और कक्षा 10वीं तथा 12वीं के शत-प्रतिशत विद्यार्थियों की उपस्थिति जैसे बिंदुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन विद्यार्थियों की बैंक संबंधी त्रुटियों के कारण छात्रवृत्ति लंबित है, उनके खाते शीघ्र सही कराकर राशि उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने कहा कि आगामी बोर्ड परीक्षाओं के लिए अब बहुत कम समय है, इसलिए सभी स्कूल प्रमुख यह सुनिश्चित करें कि पाठ्यक्रम समय-सीमा में पूर्ण कराया जाए तथा कमजोर छात्रों की पहचान कर उनके लिए विशेष अभ्यास कक्षाएं आयोजित की जाएं। उन्होंने कहा कि सभी शिक्षक स्कूल समय पर पहुंचें और ई-अटेंडेस के माध्यम से अपनी उपस्थित दर्ज कराएं। कलेक्टर ने जिला शिक्षा केन्द्र द्वारा संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए यू-डाइस पोर्टल के अद्यतन, शिक्षण-अधिगम में मौजूद 'लर्निंग आउटकम गैप' को समाप्त करने, शिक्षकों की उपस्थिति सुधारने, नामांकन बढ़ाने, आउट-ऑफ-स्कूल बच्चों को चिन्हित कर उन्हें स्कूल से जोड़ने, प्रतिभा उत्सव एवं बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी को मजबूत करने तथा छात्र-छात्राओं की काउंसलिंग व्यवस्था को सुदृढ़ करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी सप्ताह में कम से कम तीन स्कूलों का अनिवार्य रूप से निरीक्षण करें।

उन्होंने यह भी कहा कि शिक्षा के लिए अच्छा कार्य करने वाले अतिथि शिक्षकों को 26 जनवरी और 15 अगस्त के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा, ताकि शिक्षा व्यवस्था में गुणवत्ता और उत्तरदायित्व की भावना को बढ़ावा मिल सके। कलेक्टर ने कहा कि वे स्वयं भी शालाओं का औचक निरीक्षण करेंगे, इसलिए अधिकारी और शिक्षक पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी से कार्य करें, क्योंकि जिले का रिजल्ट बेहतर बनाना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है और इसे हर हाल में हासिल करना है। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सर्जना यादव, जिला शिक्षा अधिकारी संजय सिंह तोमर, डीपीसी आरआर उईके सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### एक शाम खाटू वाले के नाम भजन संध्या में पधारे समाजसेवी अखिलेश राय



**सीहोर।** स्थानीय श्रीराम कॉलोनी के खेल प्रांगण में भव्य खाटू श्याम कीर्तन का आयोजन किया गया। भजन संध्या में सिद्धपुर की श्याम दीवानी भजन गायिका ममता गुप्ता, माँ चामुंडा की नगरी देवास से नीलम जायसवाल, बुरहानपुर से खुशबू चौकसे एवं कालापीपल से भजन गायक मोहित जोशी देर रात तक बाबा श्याम के भजनों की प्रस्तुति दी। एक शाम खाटू श्याम के नाम भजन संध्या अखिल भारत वर्षीय हैहय कलचुरी महासभा सीहोर के जिला अध्यक्ष कुमेर सिंह जायसवाल के जन्मदिन के अवसर पर रखी गई। जिसमें वरिष्ठ समाजसेवी अखिलेश राय, वरिष्ठ भाजपा नेता सन्नी महाजन हैहय क्षत्रिय कलचुरी समाज सीहोर कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप बिजोरिया, कोषाध्यक्ष परमानंद राय ,उपाध्यक्ष मोर सिंह जायसवाल, राजेश जायसवाल ,डॉ विजेंद्र जायसवाल ,इछावर जनपद उपाध्यक्ष शंकर लाल जायसवाल, लक्ष्मण सिंह चौकसे, आष्टा तहसील कल्चुरी समाज अध्यक्ष प्रेम नारायण जायसवाल, सिद्धनाथ सिंह जायसवाल, सुरेंद्र राय, वार्ड पार्षद मुकेश मेवाडा, राहुल राय सहित कई लोग उपस्थित रहे ।सभी ने कुमेर सिंह जायसवाल को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर सभी अतिथियों का पुष्प माला पहनाकर समिति के शैलेंद्र जायसवाल एवं रिंकू जायसवाल ने स्वागत किया। साथ ही साहित्य परिषद ने सभी भजन गायको और कलाकारों का सम्मान अंगवस्त्र ओढ़ाकर एवं सम्मान पत्र भेंट कर किया। अंत में कार्यक्रम का आभार अखिल भारतवर्षीय हैहय कलचुरी महासभा के जिला महामंत्री डॉ. विजेंद्र जायसवाल ने माना।

### 60 में से 29 के हो पाए ऑपरेशन, ग्रामीण महिलाएं भूखी प्यासी लौटी

# अस्पताल के शिविर में 50 प्रतिशत महिलाओं की नहीं हो पाई नसबंदी





हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा

सिविल अस्पताल में प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को होने वाले महिला नसबंदी शिविर में गुरूवार को नसबंदी के लिए दूर दराज गांवों से पहुंची। 60 से अधिक महिलाएं पहुंचने से अस्पताल में नसबंदी ऑपरेशन सिस्टम पूरी तरह फेल रहा जिसमें से मात्र 29 महिलाओं की ही नसबंदी की जा सकी बांकी महिलाएं मायूस होकर लौट गई। दिन भर महिलाएं भूखी बैठी रही अस्पताल प्रबंधन ने उनके लिए भोजन की कोई व्यवस्था नहीं की थी। जिस आर्थिक फायदे के लिए महिलाएं अस्पताल पहुंची थी वह जब बिना नसबंदी के घर लौटी तो कईयों के पास वापस जाने के पैसे भी नहीं थे वह बहुत परेशान होकर अपने गांव लौट पाई।

## प्रबंधन बोला की इतनी संख्या की उम्मीद नहीं थी

ब्यावरा सिविल अस्पताल में नसबंदी शिविर की प्रभारी सविता दास ने बताया की प्रत्येक सोमवार और गुरूवार को होने वाले नसबंदी शिविर में 25-30 महिलाए अपेक्षित रहती है। ऐसे में लगभग दुगनी महिलाओं के आने से यह अव्यवस्था हुई। ठंड में यह नसबंदी करवाने वाली महिलाओं की संख्या बढ जाती है परंतु दुगनी का अंदाजा नही था। और ऑपरेशन जैसे काम जल्दबाजी में नहीं किए जा सकते सावधानी के साथ महिलाओं के ऑपरेशन किए गए।

## दूर-दराज गांवों से पहुंचने वाली महिलाएं कई बार हो चुकी है निराश

*सुठालिया व मलावर के गांवों से महिलाएं सिविल अस्पताल पहुंची थी। देखने में आया है कि हर बार शिविर में कई महिलाओं का बिना नसबंदी ऑपरेशन के वापस लौटना पडता है नवंबर में जहां कुल 111 नसंबंदी की गई जिनमें भी महिलाओं को वापस लौटना पडा था। वही गुरूवार को दिसंबर में लगे शिविर में भी 30 महिलाएं वापस लौटी ऐसे में नसंबदी कार्यक्रम कैसे सफल होगा।*

### पुरातात्विक धरोहरों को सहेजने का कार्य कर रही कंपनी

# राजमहल के मुख्य गेट पर बीते 8 माह से बंधा है मचान

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



पुरातत्व विभाग द्वारा मुख्यालय स्थित रियासतकालीन कईं प्राचीन धरोहरों को सहेजने का कार्य तीन साल पहले शुरू करवाया गया था। इस काम की शुरूआत स्थानीय छारबाग की छतरियों, बड़ा महल आदि से की गई जहां काफी हद तक काम किया भी जा चुका है।

इसके उपरान्त इन्टेक नाम की किसी कंपनी या एनजीओ के जरिए राजगढ़ राजमहल के मुख्य दरवाजे को सहेजने रिवोवेशन का काम करीब 7-8 महीने पहले शुरू करवाया गया था। इसके लिए महल के गेट पर बाकायदा मचान बनाया गया और काम भी करवाया गया। लेकिन, आधे से अधिक काम करवाने के बाद से इस काम को यथास्थिति में छोड़ दिया गया है। तभी से राजमहल के गेट पर बंधा मचान आसपास के रहवासियों और राजमहल के अंदर प्रवेश करने वालों के लिए परेशानियों का कारण बना हुआ है। यद्यपि, राजमहल के अंदर जाने का रास्ता बंद नहीं हुआ है पर मचान की वजह से गुजरने वालों को परेशानियां उठानी पड़ रही हैं।

## पुरातत्व अधिकारी ने नहीं ली जिम्मेदारी

राजमहल के गेट का कितना काम और बचा है एवं मचान कब उतरवाया जाएगा इस संबंध में जब हरिभूमि ने जिला पुरातत्व अधिकारी हुकुमचंद मलिक से बात की तो उन्होंने कुछ स्पष्टतः नहीं बताया। उन्होंने अलबत्ता यह जरूर कहा कि यह काम इन्टेक नाम का एक एनजीओ कर रहा है।

### इनका कहना है...

गेट के पास अतिक्रमण की कुछ समस्या थी इस वजह से काम रुका था। एसडीएम मेडम में आज ही विजिट किया है। साल के अंत तक काम पूरा कर लेंगे। वैसे मचान के कारण रास्ता बंद नहीं हुआ है।

राघव शर्मा, अधिकारी, इंटेक कंपनी

### एसआईआर की सफलता पर आयोजित करवाया गया था मैच

# मैत्री मैच में मीडिया टीम ने प्रशासनिक टीम को दी शिकस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



मतदाता सूची के शुद्धिकरण (एसआईआर) के कार्य में राजगढ़ जिले ने इस बार प्रदेश भर में एक नई मिसाल कायम की है। प्रशासन की सतत निगरानी और मीडिया द्वारा किए गए व्यापक जन-जागरुकता अभियान ने इस काम की रफ्तार और गुणवत्ता को और प्रभावी बनाया। इसी कड़ी में स्थानीय स्टेडियम में मीडिया एवं प्रशासनिक अधिकारियों के मध्य एक मैत्री मैच आयोजित किया गया।

प्रशासनिक टीम ने टॉस जीतते हुए पहले बल्लेजबाजी का फैसला किया। ओपनिंग करने उतरे जिला पंचायत सीईओ डॉ. इच्छित गढ़पाले ने शानदार पारी खेलते हुए 40 रनों का योगदान दिया। हालांकि, अन्य बल्लेबाज खास प्रदर्शन नहीं कर पाए और एक के बाद पवेलियन लौटते गए। निर्धारित 12 ओवरों में प्रशासन की पूरी टीम 83 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। लक्ष्य का पीछा करते हुए प्रेस क्लब की सलामी जोड़ी ने शुरुआत से ही आक्रामक अंदाज दिखाया। पहले पांच ओवर के भीतर ही 45 रन बनाकर उन्होंने मैच को अपनी तरफ कर लिया। इसके बाद मिडिल ऑर्डर के बल्लेबाजों ने भी शानदार खेलते हुए जिम्मेदारी निभाई और तीन ओवर शेष रहते ही प्रेस क्लब ने 7 विकेट से यह रोमांचक मुकाबला जीत लिया।

# सारंगपुर के तीन प्रतिनिधि राजगढ़ जिला विकास समिति में नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶सारंगपुर





क्षेत्र के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि सारंगपुर के समाजसेवी निर्मल जैन, अधिवक्ता अमित सक्सेना तथा कृषक घनश्याम नागर को राजगढ़ जिला विकास समिति में सदस्य के रूप में नियुक्त किया गया है।

इन तीनों प्रतिनिधियों को समाज सेवा, जनहित कार्यों और क्षेत्रीय विकास में निरंतर सक्रिय भूमिका निभाने के आधार पर समिति में स्थान प्रदान किया गया है। जिला विकास समिति जिला स्तर पर विभिन्न योजनाओं, विकास कार्यों, संसाधनों के उपयोग तथा जनहित से जुड़े मुद्दों की दिशा तय करने वाला महत्वपूर्ण मंच है। ऐसे में सारंगपुर के तीनों प्रतिनिधियों की नियुक्ति से क्षेत्र की विकास संबंधी आवश्यकताओं, स्थानीय समस्याओं और प्राथमिकताओं को जिला स्तर पर अधिक प्रभावी ढंग से प्रस्तुत किए जाने की उम्मीद जताई जा रही है। इन नियुक्तियों पर प्रदेश सरकार में राज्य मंत्री गौतम टेटवाल, स्थानीय जनप्रतिनिधियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने हर्ष व्यक्त किया है। सभी ने तीनों प्रतिनिधियों को शुभकामनाएँ देते हुए आशा जताई कि वे सारंगपुर के सर्वांगीण विकास के लिए सार्थक प्रयास जारी रखेंगे।

### मीना समाज सहित बाबा के अनुयायियों ने निकाला चल समारोह

# अखंड भजन सप्ताह का भंडारा के साथ हुआ विश्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ब्यावरा



विगत सात दिनो से चल रहे अखण्ड भजन कीर्तन सप्ताह का विश्राम पूर्णाहुति एवं चल समारोह और विशाल भंडारे के साथ हुआ। सप्त दिवसीय इस आयोजन में कलाकारों की प्रस्तुति ने स्रोताओं को मन्त्र मुग्द कर दिया। यह आयोजन परम्परागत 65 वर्षो से लगातार मीना समाज के सानिध्य में चला आ रहा, जिसमे समाधिस्थ अलमस्थनाथ के पारिवारिक सदस्यों का भी विशेष योगदान रहता,,,इस आयोजन में विश्राम दिवस पर पाठशाला आश्रम सुठालिया से बालकदास जी महाराज पनियारा आश्रम से भोलादास महाराज, रामकथा वाचक मोहनलाल नागर, भागवताचार्य सतीश नागर, अध्यक्ष रामगोपाल मीना नेताजी, आईजी सतीश सक्सेना भोपाल, बालकिशनदास बैरागी पुजारी द्वारा सभी कलाकारों का पात्र एवं भेट द्वारा सम्मान किया गया।

**इन्होंने की शिरकतः** इस आयोजन में आरटीओ जगदीश मीना, मीणा समाज सेवा संगठन जिला अध्यक्ष बाबूलाल मीना कुरावर, विधायक प्रतिनिधि मोहन पंवार, रेखा पचवर्या, पत्रकार गजराजसिंह मीना, बाबुलाल लखनवास, मांगीलाल पटेल, हरिओम दांगी भाजपा महामंत्री, ओम लववंशी, ब्रजेश तर्वेदी, जसवंत गुर्जर पूर्व जिला पंचयात अध्यक्ष, किसान नेता रामजगदीश दांगी, गोविंद पटेल, भानू मीणा, रामबाबू डॉक्टर, बद्रीप्रसाद शिक्षक, आशीष मीना, केशर सिंह, विष्णु मीना सरपंच, केसरसिंह, हरभजन मीना, भीलखेड़ी, बाबुलाल कासोर सहित हजारों की संख्या लोगों ने प्रसादी ग्रहण की।

## कलाकारों का किया सम्मान

अखंड भजन सप्ताह के विश्राम के पूर्व रात्रि को अतिथियों ने इन कलाकारों का सम्मान किया, जिनमें बाबुलाल भगतजी नादनपुर, राजू मीणा तबला वादक, जितेंद्र, कमल, संतोष शर्मा, मनीष, संजय, लाला, राकेश, राजन, नवल राव, मुकेश बेंजो, लखन राव, अशोक, बाल कलाकार आयुषी मीना, रविन्द्र प्रजापति, रघुवरदास, बालछड़ी भगत आदि अन्य कलाकार शामिल हैं।

## ढोल डमाकों के साथ निकला चल समारोह

विश्राम दिवस के दिन बाबा अलमस्तनाथ जी की समाधि से पंचमुखी रोड, अस्पताल चैराहा, इंदौर नाका होता हुआ चल समारोह ढोल डमाकों, आतिशबाजी, नृत्य और भजनों के साथ निकाला गया। चल समारोह में अलमस्थनाथ जी की तस्वीर रथ में सजाकर भजन कीर्तन के सात नगर में जुलुश निकाला गया, जिसके बाद भंडारा प्रसादी के साथ समापन हुआ।

# ब्लॉक कांग्रेस कुरावर अंतर्गत संविधान पर चर्चा की गई


हरिभूमि न्यूज ▶▶कुरावर



जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ के अध्यक्ष प्रियव्रत सिंह खींची के निर्देशानुसार सम्पूर्ण राजगढ़ जिले मे मण्डलम स्तर पर संविधान पर चर्चा कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रविन्द्र मीना ने बताया की ब्लॉक कुरावर अंतर्गत झाड़ला मण्डलम, लश्करपुर मण्डलम तथा कुरावर मण्डलम की बैठक संपन्न हुई जिसमे संविधान पर चर्चा कर नागरिको को जागरूक किया गया जिसमे हमारा संविधान किन परिस्थितियों मे बना हमारा संविधान कैसे लागू हुआ संविधान निर्माण मे बाबा साहब भीम राव अम्बेडकर के योगदान पर चर्चा, हमारा संविधान हमें क्या क्या हक व अधिकार देता है जैसे अनेक विषयो पर चर्चा की गयी साथ ही हमारा संविधान किस तरह से खतरे मे है व इसमें बदलाव के मंसूबे रखने वाली भाजपा पार्टी की कई वक्ताओ ने खूब भ्रत्स्ना की तथा कांग्रेस पार्टी हर हाल मे इस संविधान की रक्षा करेंगी इसका प्रण लिया तथा संविधान की शपथ ली कार्यक्रम मे मुख्य रूप से कुरावर ब्लॉक प्रभारी डॉ भारत वर्मा, कार्यक्रम प्रभारी ज्ञान सिंह मीणा, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष डॉ रविन्द्र मीना, किसान कांग्रेस पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष देवकरण मीणा, जिला पंचायत सदस्य खुर्शीद मेव, वरिष्ठ अधिवक्ता राजेन्द्र प्रसाद शर्मा, झाड़ला मण्डलम प्रभारी राजू राठौर, लश्करपुर मण्डलम अध्यक्ष दुर्गेश नागर, जनपद सदस्य मनीष नागर, पार्षद सचिन गिरी, पार्षद राजेश मीणा, पार्षद लखन चैहान, सेक्टर अध्यक्ष सोनार सिंह राजपूत, कुरावर मण्डलम प्रभारी प्रकाश दला, सेवादल ब्लॉक अध्यक्ष शिवचरण मीना, मनोज शर्मा, गोविन्द चैहान, मोहन चंद्रवंशी, राज चैहान ग्राम जामोनिया गणेश से बी एल ए रोहित मीणा, जीतेन्द्र चंद्रवंशी ग्राम झाड़ला से राजेश परमार, गोपाल जोत, रमेश मेघवाल, बिसारती से रामदयाल राठौर, लश्करपुर प्रभारी कैलाश नारायण नागर, बद्री प्रसाद धाकड़ मौजूद रहे।

### पुलिस कर रही जांच

# डैम में मछली का जाल लगाने गए युवक की डूबने से मौत



हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़

कोतवाली थानाक्षेत्र के खरना गांव निवासी एक युवक की संदिग्ध परिस्थिति में डैम के पानी में डूबने से मौत हो गई। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और ग्रामीणों ने शव को पानी से बाहर निकालकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार खरना गांव निवासी युवक राधेश्याम पिता मांगीलाल मेवाड़े उम्र 25 वर्ष बुधवार शाम मूंडला बांध में मछलियों का जाल लगाने गया था। राधेश्याम जब रात में घर नहीं पहुंचा तो परिजनों को चिंता हुई और वे सुबह बांध क्षेत्र में पहुंचे तो राधेश्याम का शव पानी में उतराता देख सकते में आ गए। आनन-फानन में शव को पानी से बाहर निकालकर पुलिस को मामले की इत्तिला दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा सहित आवश्यक कार्यवाही उपरान्त मर्ग कायम कर जांच में लिया है। पुलिस इस मामले में हर एंगल से जांच करने में जुटी हुई है।

# रामपुरिया बालाजी करते भक्तों की मनोकामना पूर्ण

### सार्थक रूप से आंख के पत्तों पर राम नाम की माला से सुसज्जित



**छापीहेड़ा।** जिस तरह सनातन धर्म मैं भगवान की भक्ति हर जगह यू सार्थक परिवेश में दिखाई देती है क्योंकि इस कलयुग मैं सिर्फ राम नाम से बड़ा मंत्र और कोई नहीं है स्वयं भोले नाथ भी भगवान राम जी के नाम का स्मरण करते हैं तथा तीनों लोकों में राम नाम से बढ़कर कोई शब्द नहीं है जिसने भी राम का नाम सच्चे मन से स्मरण किया है उसकी बड़ी से बड़ी व्यथा एक छोटे से क्षण में दूर होती है रामपुरिया बालाजी छापीहेड़ा मैं स्थित है यहां की महिमा सिर्फ और सिर्फ उनके दर्शन मात्र से की जा सकती है आज बालाजी के श्रृंगार के साथ आंख के पत्तों पर राम नाम लिखकर उनको अर्पित करने से बड़ी से बड़ी बाधा भी दूर होती है साथ-साथ मनवांछित फल प्राप्त होता है। आक के पत्ते पर राम राम लिखकर हनुमान जी को चढ़ाने से जीवन की बाधाएं और परेशानियां दूर होती हैं सुख शांति और समृद्धि आती है इस उपाय के लिए सुबह स्नान करने के बाद आंकड़े के पत्तों को तोड़कर धोकर उन पर सिंदूर से श्री राम लिखें फिर इन पत्तों की 108 पत्तों की माला बनाकर हनुमान जी को अर्पित करें इससे हनुमान जी प्रसन्न होते हैं।

### जिला प्रशासन व अहिंसा वेलफेयर सोसाइटी की रहेगी संयुक्त भागीदारी

# बाल-विवाह मुक्त राजगढ़ का 100 दिवसीय अभियान शुरू

हरिभूमि न्यूज ▶▶राजगढ़



केंद्र सरकार द्वारा संपूर्ण भारत को साल 2030 तक पूर्णतः बाल-विवाह मुक्त बनाने के लक्ष्य के तहत राजगढ़ में इस '100 दिवसीय गहन जागरूकता अभियान' की गुरुवार से शुरूआत की गई। यह पहल उन सामाजिक परिस्थितियों को बदलने पर केंद्रित है, जो बाल विवाह जैसी कुप्रथा को बढ़ावा देती हैं। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी के निदेशक अरुण सातालकर ने बताया कि जिला प्रशासन के सहयोग से बाल-विवाह के खिलाफ चल रहे प्रयासों को मजबूत गति मिली है। उन्होंने भरोसा जताया कि "हम 2030 से पहले ही इस गंभीर सामाजिक अपराध को समाप्त करने में सफल होंगे।

## यह रहेगी अभियान की रणनीति

अभियान को तीन चरणों में बांटा गया है। प्रथम चरण में स्कूलों और कॉलेजों में जागरुकता। दूसरे चरण में विवाह संपन्न कराने वाले धार्मिक स्थलों और संबंधित सेवा प्रदाताओं पर फोकस करना एवं तीसरे चरण में पंचायतों और शहरी वार्डों में समुदाय आधारित पहल को मजबूत करना होगा। यह आगामी अभियान 8 मार्च 2026 (अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस) तक चलेगा।

अभियान का शुभारंभ कन्या स्कूल से किया गया जहां लाइव प्रसारण देखा गया और सभी प्रतिभागियों ने बाल-विवाह उन्मूलन की सामुहिक शपथ ली। अहिंसा वेलफेयर सोसायटी द्वारा आयोजित हस्ताक्षर अभियान में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए बाल विवाह के विरोध में अपनी प्रतिबद्धता दर्ज की। राजगढ़ जिले की यह पहल प्रदेश में बाल अधिकारों की सुरक्षा और सकारात्मक सामाजिक बदलाव की दिशा में महत्वपूर्ण कदम मानी जा रही है। इस अवसर पर महिला एवं बाल विकास विभाग, सुपरवाइजर्स, शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं-शिक्षक, नीति आयोग के डीपीए लक्ष्मण भागमल और अहिंसा वेलफेयर सोसायटी की टीम ने सहभागिता दर्ज की।

## खबर संक्षेप

### अवैध शराब पिलाने वाले रेस्टोरेंट को किया बंद

**देवास।** जिले में कलेक्टर ऋतुराज सिंह के निर्देशानुसार आबकारी देवास द्वारा अवैध मदिरा के निर्माण, विक्रय एवं परिवहन करने वालों के विरुद्ध लगातार कार्यवाही की जा रही है। सहायक आबकारी आयुक्त मंदाकिनी दीक्षित ने बताया कि इसी कड़ी में गत दिवस देवास शहर में स्टेशन रोड, गजरा गियर चौराहा एवं कालूखेड़ी में स्थित अवैध रेस्टोरेंट जहाँ पर शराब पिलाई जाती है, उन्हें बंद करने की कार्रवाई की गई।

### जल वितरण का समय परिवर्तित

**देवास।** ननि जलप्रदाय शाखा से प्राप्त जानकारी अनुसार अत्यधिक ठंड के मौसम को दृष्टिगत रखते हुए शहर मे निगम द्वारा किए जाने वाले जल वितरण के समय मे परिवर्तन किया गया है जिसके अन्तर्गत पानी की बडी टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 5 बजे से, शंख द्वार टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से,आनंदऋषि नगर टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, सन सिटी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, ताराणी कालोनी पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से किया गया है।इसी प्रकार बजरंग नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, राजाराम नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, रानीबाग पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से, उत्तम नगर पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 बजे से, आमोना पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से, नागदा पानी की टंकी से जल वितरण का समय प्रातः 6 से जल वितरण के समय मे परिवर्तन किया गया है।

### शासकीय उमाविद्यालय कोठरी की छात्राओं से शिक्षिका ने की मारपीट


# छात्र-छात्राओं ने बताया, क्लास वर्क पूरा नहीं करने पर टीचर ने हमें लकड़ी से पीटा

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की शिक्षिका पर 12 छात्र-छात्राओं के मारपीट का आरोप लगा है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोठरी









कोठरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का कीर्ति शाक्य पर छात्र छात्राओं से मारपीट का आरोप लगा है तहसीलदार रामलाल पगारे और शिक्षा विभाग के अधिकारी पहुंचे और जांच शुरू की। जानकारी के अनुसार पूर्व वार्डन और वर्तमान शिक्षिका के बीच का मामला बताया जा रहा है शिक्षिका पर 12 छात्र-छात्राओं के मारपीट का आरोप लगा है दोपहर में बीआरसी अजब सिंह राजपूत पहुंचे साथ में तहसीलदार रामलाल पगारे और पटवारी के साथ कार्रवाई का प्रतिवेदन बनाकर शिक्षा विभाग को भेजो।

### मारपीट से छात्राओं के उंगलियां सूजी

छात्राओं की मारपीट से उंगलियां सुज गई है कई छात्र छात्राओं ने बताया कि टीचर ने समय पर नहीं लिखते कारण हमें लकड़ी से पीटा जानकारी लगते ही शिक्षा विभाग और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे।

### विकासखंड शिक्षा अधिकारी बोले

विकासखंड शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुशवाहा ने बताया कि सही बात है कि कोठरी के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में छात्र-छात्राओं के साथ एक टीचर द्वारा मारपीट का मामला सामने आया है मैने निरीक्षण किया है और जो भी दोषी पाया जाएगा नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।
बीआरसी अजब सिंह राजपूत ने कहा कि 12 छात्राओं के साथ मारपीट हुई है जो भी दोषी पाया जाएगा नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### शिक्षिका बोली, सभी आरोप बेबुनियाद

शिक्षिका की कृतिका शाक्य ने कहा कि मेरे ऊपर जो आरोप लगे सभी बेबुनियाद है यहां से मुझे वार्डन हटाना चाहती है यह सब साजिश से मुझे फसाया गया है मैने किसी भी छात्र-छात्राओं के साथ मारपीट नहीं की छात्रों को हाथ में बोरोप्लस लगाकर फोटो खींचा गया है।

### शिक्षा विभाग को भेजा प्रतिवेदन

तहसीलदार आष्टा रामलाल पगारे ने बताया की जानकारी लगते ही में शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कोठरी पहुंचा था और मैने छात्रों और टीचर से भी बात की है यह सही है कि 12 के करीब छात्रों के साथ मारपीट का मामला है इसमें जो भी दोषी पाया जाएगा नियम अनुसार कार्रवाई की जाएगी फिलहाल पटवारी से प्रतिवेदन बनाकर शिक्षा विभाग को भेजो है।

### शिक्षिका को किया निलंबित

छात्राओं से मारपीट के मामले में जिला शिक्षा अधिकारी ने कार्रवाई करते हुए शासकिया उच्चतर माध्यमिक विद्वालय की शिक्षिका कीर्ति शाक्य को निलंबित कर दिया है।

# हिमालय गुरुदेव की पदयात्रा आष्टा पहुंची, किया स्वागत

### भूजल वृद्धि, हरियाली व विश्वकल्याण का संदेश



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नित्यअन्नदाता, अखंडज्योति प्रदाता पूज्यश्री हिमालय गुरुदेव द्वारा संचालित विराट आध्यात्मिक पदयात्रा आज आष्टा क्षेत्र में पहुँची। गुरुदेव की यह दिव्य यात्रा 10 जुलाई 2025 गुरु पूर्णिमा के पावन दिन श्री शैल से गिरिनार तक 1700 किलोमीटर पूर्ण कर चुकी है। इसके पश्चात 5 नवंबर पूर्णिमा को गिरनार से काशी तक की 1600 किलोमीटर लंबी पदयात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा के 29वें दिन गुरुदेव द्वारा 800 किलोमीटर की दूरी पूर्ण करने के बाद उनका आष्टा में भव्य स्वागत किया गया। गुरुदेव ने रात्रि विश्राम मुकाती वेयर हाउस के अतिथि गृह में किया, जहाँ सकल समाज की ओर से प्रमुख नागरिक मनीष डोंगरे, अनिल भाटी, श्रीमती ज्योति भाटी, सुनीता भाटी, समता डोंगरे एवं वैदिक डोंगरे ने साफा, शाल एवं श्रीफल भेंट कर गुरुदेव का सम्मानपूर्वक स्वागत किया। गुरुदेव ने यहीं पर प्रसादी भोजन ग्रहण किया तथा सत्संग चर्चा के दौरान यात्रा के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए बताया कि यह पदयात्रा भूजल वृद्धि, हरियाली विस्तार एवं विश्व कल्याण के संदेश को समर्पित है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के माध्यम से मानव समाज को प्रकृति संरक्षण और आध्यात्मिक उत्थान के प्रति जाग्रत करना ही मुख्य लक्ष्य है। गुरुदेव ने आष्टा क्षेत्र के लिए विशेष आशीर्वाद देते हुए कहा कि यह भूमि सदैव उन्नति, विकास और सौभाग्य से परिपूर्ण रहे। पदयात्रा के उपरांत पूज्य गुरुदेव हिमालय की कंदराओं में पुनः तपस्या हेतु प्रस्थान करेंगे। आष्टा में गुरुदेव का आगमन श्रद्धा, उत्साह और आध्यात्मिक ऊर्जा से भर देने वाला रहा।

# भाजपा अनुसूचित मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष पहुंचे आष्टा



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शभगवान परमार का भोपाल जाते वक्त बाईपास चौपाटी पर भाजपा अनुसूचित मोर्चा द्वारा भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सूरज केरो, उज्जैन के महापौर मुकेश टटवाल इस अवसर पर उपस्थित थे। स्वागत में प्रमुख रूप से भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश मंत्री कैलाश बगाना, मीडिया प्रभारी सुशील संचेती, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, राजा कलेक्टर, मनोहर मालवीय, जुगल किशोर मालवीय, जितेंद्र गोयल, जितेंद्र खैलवाल, हेमराज मुलगी, सावतसिंह, जितेंद्र सोलंकी, राजेश घेंघट, कैलाश बामनिया, राहुल सोलंकी, इंद्र सोलंकी, पुराण कालेश्वरिया, राजकुमार, अनोखी लाल चूड़ियां, हमीर सिंह गोयल, दिलीप गोयल व सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# शहीद भगत सिंह की प्रतिमा परदे से बाहर करने भारतीय राष्ट्र छात्र संगठन ने दिया ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

भारतीय राष्ट्र छात्र संगठन आष्टा द्वारा शहीद भगत सिंह महाविद्यालय में अमर शहीद भगत सिंह की प्रतिमा परदे से बाहर करने के विषय में छात्र नेता अंशु ठाकुर प्रदेश सह सचिव के नेतृत्व में महाविद्यालय प्राचार्य को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन का वाचन करते हुए छात्र नेता अंशु ठाकुर द्वारा महाविद्यालय प्राचार्य को अवगत करवाया कि महोदय अमर शहीद भगत सिंह जी भारत के स्वतंत्रता संग्राम के ऐसे वीर योद्धा थे जिन्होंने देश की आज़ादी के लिए अपना सर्वस्व न्यौछावर कर दिया। जिसके वे पात्र है। उनकी प्रतिमा को किसी परदे के अन्दर रखने से वह सम्मान नहीं मिल पाता। अनुरोध है कि शहीद भगत सिंह की प्रतिमा को 2 दिन के अंदर परदा हटाये, आशा है कि आप इस न्यायोचित व जनभावना से जुड़े अनुरोध पर शीघ्र निर्णय लेकर उचित कार्यवाही करेंगे। अगर 2 दिन के अंदर प्रतिमा से परदा नहीं हटता है तो हम विधि विधान से परदा हटाकर प्रतिमा का अनावरण करेंगे। ज्ञापन देने वालों में संगठन से दीपक गोस्वामी, दिगराज ठाकुर ,जोगेंद्र ठाकुर, हेमंत पंवार, नितेश ठाकुर लसुड़लिया, प्रशांत गोल्डी,अंकुश दरबार, कृष्णा बन्ना,अश्विन,विकाश मेवाड़ा, रवि मेवाडा, अरुण ठाकुर,कौशल पटवारी, शुभम मालवीय, आदि कई छात्र मौजुद रहे।

# इनामी ड्रा में संतोष राठौर को खुली होंडा एक्टिवा, जल्द खुलेगा बम्पर ड्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

13 अक्टूबर को नगर के स्वर्ण-रजत आभूषणों के बड़े विक्रेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके जयश्री ज्वेलर्स ने न केवल आष्टा अपितु अन्य क्षेत्र के नागरिकों को किसना ब्रांड डायमंड एवं गोल्ड ज्वेलरी के सभी उत्पाद आष्टा में ही उपलब्ध कराने की जो बड़ी सौगात उपलब्ध कराई। उस वक्त की गई ईनामी योजना का जयश्री ज्वेलर्स पर किसना ब्रांड ज्वेलरी के प्रदेश प्रमुख कंवलदीपसिंह द्वारा ईनामी कूपन का ड्रा खोला गया। प्रथम चरण के उक्त ड्रा में ईनाम हेतु रखी गई 5 होंडा एक्टिवा में से एक गाड़ी के लिये लक्की ड्रा खोला गया। उक्त ईनाम के पहले भाग्यशाली विजेता आष्टा नगर के संतोष राठौर रहे। उनेह किसना के प्रमुख कंवलदीपसिंह और जयश्री ज्वेलर्स के जितेन्द्र सोनी दादा दयालु, महेश सोनी, सुभांश सोनी ने ड्रा में खुली होंडा एक्टिवा वाहन विजेता को चाबी सौंपी।




# नरेंद्र मोदी विचार मंच शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने नारायण सेन को बनाया

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



नरेंद्र मोदी विचार मंच मुख्य शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीय रवि चाणक्य की अनुसंसा पर राष्ट्रीय महामंत्री संगठन प्रदेश प्रभारी की सहमति एवं प्रदेश कोर कमेटी के निर्णय से प्रदेश अध्यक्ष सुनील कुमार सांखला व प्रदेश मुख्य महामंत्री हिम्मत परिहार और प्रदेश महासचिव सचिन सोलंकी, मालवा प्रांत अध्यक्ष आशीष विश्वकर्मा की अनुशंसा पर लक्ष्मी नारायण सेन को नरेंद्र मोदी विचार मंच मुख्य शाखा में सीहोर जिला अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। हमें आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि आप तन मन धन और जीवन से हम सबके प्राणप्रिय भारत में पूर्ण निर्माण में प्रमाणिकता ओर पारदर्शी पूर्ण कार्य करेंगे। आपके द्वारा किया गया कार्य निश्चित रूप से हम सब का स्वप्न परम वैभव भारत को पूर्ण करेगा। हम आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं पुनः आपको बहुतण्बहुत हार्दिकण्हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। इस अवसर पर आष्टा तहसील अध्यक्ष नीलेश परमार व आष्टा तहसील प्रभारी अनिल विश्वकर्मा द्वारा भी बधाई दी गई।

### पुलिस उपमहानिरीक्षक, उज्जैन रेंज भसीन ने किया जिले का निरीक्षण और समीक्षा दौरा

# स्टाफ से चर्चा कर समस्याओं और आवश्यकताओं को जाना






हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

गुरुवार को पुलिस उपमहानिरीक्षक उज्जैन रेंज नवनीत भसीन देवास जिले के आधिकारिक भ्रमण पर पहुँचे । भसीन ने सर्वप्रथम जिला कंट्रोल रूम स्थित सभागार में जिले के सभी राजपत्रित एवं प्रमुख पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। बैठक में उन्होंने आगामी त्यौहारों, भीड़-भाड़ वाले आयोजनों एवं वर्षांत के दौरान बढ़ने वाली कानून-व्यवस्था संबंधी चुनौतियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील क्षेत्रों पर सतत निगरानी रखी जाए, गश्त व्यवस्था को और अधिक मजबूत किया जाए। लंबित एवं गंभीर प्रकरणों के त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निराकरण सुनिश्चित किए जाए। उन्होंने अपराध नियंत्रण, महिला सुरक्षा,सायबर अपराध की रोकथाम तथा सामुदायिक पुलिसिंग को ओर प्रभावी बनाने हेतु आवश्यक सुझाव भी प्रदान किए ।बैठक उपरांत भसीन ने थाना बैंक नोट प्रेस का भ्रमण किया । निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना भवन,अभिलेख,सीसीटीव्ही व्यवस्था,मालखाना,थाना रिकॉर्ड तथा साफ-सफाई की स्थिति का परीक्षण किया। उन्होंने कहा कि थानों को जनता के लिए सहज, सुरक्षित एवं विश्वासपूर्ण वातावरण उपलब्ध कराना प्राथमिकता होनी चाहिए । इस अवसर पर उन्होंने थाना प्रभारी एवं उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों से चर्चा कर उन समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी भी ली,जिनका समाधान प्रशासनिक स्तर पर किया जा सकता है ।दौरे के अंतिम चरण में पुलिस उपमहानिरीक्षक ने यातायात प्रबंधन को लेकर एक महत्वपूर्ण पहल के तहत 'यातायात जागरूकता रथ' का फ्लैग ऑफ किया। यह रथ शहर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में भ्रमण कर आमजन को ट्रैफिक नियमों का पालन करने,हेलमेट एवं सीटबेल्ट के अनिवार्य उपयोग, ओवरस्पीडिंग से बचने तथा सड़क सुरक्षा के अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं के प्रति जागरूक करेगा। भसीन ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए जनजागरूकता सबसे प्रभावी उपाय है और पुलिस का यह अभियान जनता के व्यापक हित में निर्णायक भूमिका निभाएगा ।अपने पूरे दौरे के दौरान भसीन ने देवास पुलिस की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि पुलिस बल को सतर्कता, संवेदनशीलता और त्वरित प्रतिक्रिया के साथ कार्य करना चाहिए, ताकि जिले में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनी रहे।

# बैंक नोट मुद्रणालय में मनाया गया औद्योगिक संरक्षा दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

बैंक नोट मुद्रणालय देवास में भोपाल गैस त्रासदी की स्मृति में औद्योगिक संरक्षा दिवस का आयोजन किया गया। इस दौरान भोपाल गैस त्रासदी से ग्रसित लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए मृतकों के लिए 2 मिनट का मौन रखा गया। सभी कर्मचारियों के बीच संरक्षा के प्रति जागरूकता को बढ़ाने के लिए इस कार्यक्रम का आयोजन प्रतिवर्ष किया जाता है जिसमे विभिन्न संरक्षा प्रतियोगिताओं के साथ-साथ प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाते हैं। इस अवसर पर संस्थान के संरक्षा अधिकारी अनुराग वर्मा द्वारा भोपाल गैस त्रासदी के बारे में कर्मचारियों को जानकारी दी गई एवं कारखाना में संरक्षा के महत्व एवं विभिन्न रसायनों के प्रति जागरूकता के महत्व पर प्रकाश डाला।

महाप्रबंधक एवं विभागाध्यक्ष के. एन. महापात्र द्वारा सभी कर्मचारियों को संरक्षा शपथ ग्रहण करवाई गई । महापात्र द्वारा अपने उद्बोधन में कहा कि हमारा संस्थान अपने संरक्षा लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए कृत संकल्पित हैं एवं प्रबंधन संरक्षा मूल्यों को हमेशा सर्वोपरि रखता हैं। जिसके फलस्वरूप हमारे संस्थान को प्रतिवर्ष विभिन्न संस्थाओं द्वारा उत्कृष्ट संरक्षा प्रदर्शन हेतु सम्मानित किया जाता हैं । भोपाल गैस त्रासदी से सीखते हुए कर्मचारियों एवं नागरिकों में जागरूकता का संचार होना चाहिए। उन्होने हाल ही में मुद्रणालय को संरक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित संस्था राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद मुंबई से सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट प्राप्त होने पर हर्ष व्यक्त किया। उन्होने कहा कि कि संरक्षा कोई एक दिन का कार्य नहीं हैं यह एक सतत प्रक्रिया हैं । सीआईएसएफ अग्नि स्कन्ध द्वारा इसमें रसायन दुर्घटना विषयक मोक ड्रिल एवं रेस्क्यू ड्रिल का उत्कृष्ट प्रदर्शन स्याही कारखाना में किया। इसमें अपर महाप्रबंधक एस. एस. राठौर, वरिष्ठ समादेष्टा संदीप कुमार एस., उपमहाप्रबंधक प्रदीप कुमार शर्मा, अग्नि निरीक्षक राजेंद्र सिंह, एएसआई धनराज सिंह खिंची इत्यादि के साथ यूनियन के पदाधिकारी भी उपस्थित थे।